बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल

फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 05 नवम्बर, 2025

## अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने बिहार में प्रथम चरण के मतदान की तैयारियों का किया अवलोकन

### चुनाव प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, EVM और पॉलिटिकल ओवरसाइट से हुए प्रभावित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित इंटरनेशनल इलेक्शन विज़िटर्स प्रोग्राम (IEVP) – 2025 के तहत 6 देशों – दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और कोलंबिया–के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के प्रथम चरण के मतदान से पूर्व चुनावी तैयारियों का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय का भ्रमण किया, जहाँ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई।

सबसे पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद सिंह गुंजियाल एवं स्टेट पुलिस नोडल आफिसर (SPNO) श्री कुंदन कृष्णन द्वारा बिहार में चुनावी प्रक्रिया, लॉजिस्टिक्स, सुरक्षा उपाय, संचार व्यवस्था, मॉक ड्रिल तथा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के प्रबंधों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अमित पाण्डेय द्वारा भी अपने विचार साझा किए गए। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रशांत सी० एच० द्वारा एक विस्तृत प्रेज़ेंटेशन दिया गया, जिसमें चुनावी तकनीकों, पोलिंग कर्मियों की तैनाती, पोलिंग योजना, हेल्पलाइन मैनेजमेंट और शिकायत निवारण प्रणाली पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान रत्नांबर निलय, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री कपिल शर्मा और सुश्री दिव्यांशी श्रीवास्तव, अवर निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रतिनिधियों ने ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (FLC) से लेकर मतदान, EVM सुरक्षा, स्ट्रांग रूम सीलिंग, मतगणना प्रक्रिया और चुनाव याचिका (Election Petition) तक की समय–रेखा के बारे में प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विस्तार से दिया गया।

### EVM पर प्रतिनिधियों की संतुष्टि और प्रशंसा

प्रतिनिधियों ने EVM और इसकी सुरक्षा प्रक्रिया को निकट से समझा। उनमें यह जानने को उत्सुकता थी कि पोलिंग कर्मी स्वयं अपना वोट कैसे डालते हैं–जिस पर उन्हें बताया गया कि पोलिंग स्टाफ तथा सुरक्षा बल के लिए डाक–मतपत्र (Postal Ballot) की व्यवस्था होती है।

प्रतिनिधियों ने यह भी पूछा कि एक EVM में अधिकतम कितने वोट डाले जा सकते हैं, जिसका समाधान उन्हें तकनीकी प्रस्तुति में विस्तार से दिया गया।

सभी प्रतिनिधियों द्वारा EVM की Tamper-Proof सुरक्षा, मल्टी–लेयर वेरिफिकेशन, ईवीएम प्रबंधन के दौरान राजनीतिक दलों की अनिवार्य उपस्थिति, सीलिंग, स्ट्रांग रूम और काउंटिंग, ईवीएम ट्रैकिंग व्यवस्था पर प्रशंसा एवं संतुष्टि व्यक्त किया गया।

## साइलेंस पीरियड पर जिज्ञासा

प्रतिनिधियों को विशेष आश्चर्य हुआ कि मतदान के पूर्व इतनी शांति कैसे है, जबकि अन्य देशों में अंतिम समय तक तेज़ प्रचार जारी रहता है। उन्हें बताया गया कि भारत में साइलेंस पीरियड के दौरान मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व प्रचार–प्रसार प्रतिबंधित होता है, जिससे मतदाताओं को बिना दबाव शांत वातावरण में निर्णय लेने का अवसर मिलता है।

## डिस्पैच सेंटर का भी निरीक्षण

प्रतिनिधिमंडल ने पटना के डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया, जहाँ पोलिंग कर्मियों को EVM, VVPAT चुनाव सामग्री और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे थे। उन्होंने मतदान दलों को अपने–अपने मतदान केंद्रों की ओर प्रस्थान करते हुए देखा। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय अवस्थित Command and Control Centre का भी भ्रमण किया गया जहां GPS ट्रैकिंग के माध्यम से मतदान दलों के Real Time Location को Live देखा गया। इसके साथ ही Webcasting के माध्यम से उन मतदान दलों को भी Live देखा जो मतदान केन्द्र पहुंच चुके हैं। दिनांक 06.11.2025 को प्रतिनिधि दल पटना, भोजपुर, समस्तीपुर, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर और नालंदा जिलों में वास्तविक मतदान प्रक्रिया का भी अवलोकन करेगा। इस प्रतिनिधि मंडल में निम्नलिखित देशों के सदस्य सम्मिलित रहे। इस प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत निर्वाचन आयोग से सचिव श्री के पी सिंह एवं सहायक निदेशक अपूर्व कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम भी बिहार आई है।

| **Country** | **Organization** | **Name** | **Role** |
|---|---|---|---|
| Colombia | National Electoral Council (CNE) | Altus Alejandro Baquero Rueda | Hon'ble Judge |
| Colombia | National Electoral Council (CNE) | Juan Camilo Manuel Hoyos Muñoz | Advisor |
| Thailand | Election Commission of Thailand | H.E. Mr. Titichet Nutchanart | Election Commissioner |
| Thailand | Election Commission of Thailand | Mr. Poompitak Gongkaew | Contracted Employee to the Election Commissioner |
| Thailand | Election Commission of Thailand | Mr. Weerapol Pumsanguan | Director-General, Department of General Administration |
| Thailand | Election Commission of Thailand | Mr. Teeradech Pansamut | International Affairs Officer |
| Thailand | Election Commission of Thailand | Mr. Karn Sampantachit | International Affairs Officer |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Thailand | Election Commission of Thailand | Ms. Suttima Chuethai | Chief of Administration Unit, Department of Investigation 3, Acting for Director of Division of Election Commissioners Affairs 6 |
| Indonesia | General Elections Commission (KPU) | Idham Holik | Commissioner |
| Indonesia | General Elections Commission (KPU) | Selly Harlini | Commissioner's Staff |
| Indonesia | General Elections Commission (KPU) | Johan Teguh Lesmana | International Cooperation Staff |
| Indonesia | Embassy of the Republic of Indonesia – New Delhi, | Mr. Rizki Multazam | Staff of the Embassy of the Republic of Indonesia – New Delhi |
| South Africa | South African High Commission, New Delhi | Mr. Mashudubele Sedula Mamabolo | - |
| Belgium | Embassy of Belgium, New Delhi | Mr. Steven De Wilde | Deputy Head of Mission |
| Philippines | Embassy of the Republic of the Philippines, New Delhi | Ms. Melissa Anne Telan | - |
| Philippines | Embassy of the Republic of the Philippines, New Delhi | Mr. Rogelio B. Silva, Jr. | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ECI | ECI | Mr. Apurva Kumar Singh | Assistant Director |
| ECI | ECI | Mr. Devesh Tiwari | MSE |
| ECI | ECI | Mr. K.P. Singh | Secretary, International Cooperation |
| ECI | ECI | Mr. Sachin Saini | S.O., IC Division |

********************